# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 23.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी अपने दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे धनबाद, आईआईटी आईएसएम में कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन, विस्थापन से जुड़े मुद्दों की करेंगे समीक्षा।**
2. **राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में वर्शों से लंबित पेसा नियमावली सहित कुल 39 प्रस्तावों को मिली मंजूरी।**
3. **राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने हजारीबाग में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में प्रदान कीं उपाधियां, छात्रों को समाज के प्रति दायित्व निभाने का किया आह्वान।**
4. **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में राज्य सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच वेतन एवं पेंशन खाता पैकेज को लेकर एमओयू पर हुए हस्ताक्षर।**
5. **जमशेदपुर में टाटा ओपन गोल्फ टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन, प्रतियोगिता में 126 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा।**

****************

कोयला एवं खान राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी अपने दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे। पहले दिन उन्होंने आईआईटी आईएसएम में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया। आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि बीसीसीएल, जेआरडीए, जिला प्रशासन के अधिकारियों और स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं और मुद्दों की समीक्षा करेंगे। कल वे बेलगड़िया और कर्माटांड़ टाउनशिप का निरीक्षण कर विस्थापन से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा करेंगे और बाद में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात भी करेंगे।

****************

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 39 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, वर्षों से लंबित **पेसा नियमावली** को भी स्वीकृति प्रदान की गयी। गृह सचिव वंदना दादेल ने कहा कि सरकार के अनुसार पेसा नियमावली लागू होने से अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार और स्वायत्तता मिलेगी तथा जल, जंगल और जमीन से जुड़े मामलों में उनकी भूमिका मजबूत होगी।

वहीं, कैबिनेट बैठक में पारित अन्य 38 प्रस्तावों में प्रशासनिक सुधार, नीतिगत निर्णय और जनहित से जुड़े मुद्दे शामिल हैं, वहीं पेसा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आगे दिशा–निर्देश जारी किए जाएंगे।

****************

राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने हजारीबाग में विनोबा भावे विश्वविद्यालय में आयोजित 10वां दीक्षांत समारोह में छात्रों को उपाधियां प्रदान कीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्ति नहीं, बल्कि परिश्रम, अनुशासन और धैर्य का प्रतीक है।

****************

झारखण्ड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन एवं पेंशन खाता पैकेज को लेकर राज्य सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समझौते से राज्यकर्मियों और पेंशनधारकों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ और सुदृढ़ होगा।

****************

सरायकेला–खरसावां में एनआईटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर वाणिज्य कर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और रांची के जोनल आईजी मनोज कौशिक ने परिसर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए। उपायुक्त सरायकेला–खरसावां ने दोनों अधिकारियों के दौरे पर संतोष व्यक्त किया।

****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने पूर्वी सिंहभूम जिले में कम पैतृक मैपिंग वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ और निर्वाचन कर्मियों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि पब्लिक आउटरीच प्रोग्राम के माध्यम से मतदाताओं से सीधे जुड़कर विगत गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची के आधार पर मैपिंग कार्य को तेज किया जाए और लोगों को सहयोग के लिए जागरूक किया जाए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सटीक मैपिंग से मतदाता सूची का सुदृढ़ीकरण होगा और कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं, यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है।

****************

राजधानी रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने संवाददाता सम्मेलन कर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर कई ज्वलंत मुद्दों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जल–जंगल–जमीन के नाम पर सत्ता में आई सरकार में एससी वर्ग की स्थिति लगातार कमजोर हुई है और नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के चलते एससी को नुकसान हुआ है। उन्होंने नगर निगम चुनाव में पारदर्शिता लाने और बाल आयोग, महिला आयोग, एससी आयोग व सूचना आयुक्त जैसे संवैधानिक आयोगों के गठन की मांग की।

****************

रामगढ़ कॉलेज में केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय रांची के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत, तंबाकू मुक्त युवा, सुशासन और **'एक पेड़ मां के नाम'** विषयों पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने नारों और संदेशों के माध्यम से आमजन को सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक किया।

****************

गोड्डा जिले में एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में एबीसी नियमों के शत–प्रतिशत अनुपालन को लेकर शहर में डॉग शेल्टर बनाया जाएगा।

****************

जमशेदपुर में टाटा ओपन गोल्फ टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन हो गया है, जो 28 दिसंबर तक चलेगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुल 126 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें से टॉप टेन खिलाड़ी फाइनल राउंड में खेलेंगे और विजेता को 2 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। टाटा कॉरपोरेट कम्युनिकेशन के वाइस प्रेसिडेंट सुंदर रमम ने बताया कि समापन समारोह में टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन सहित कई विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।

********समाप्त*********